महावीर प्रभु जी मेरा दामन | Pooja Srivastava

महावीर स्वामी मेरा दामन खुशी से भर दो
अज्ञान का अँधेरा मेरा मन से दूर कर दो
महावीर स्वामी मेरा दामन खुशी से भर दो
महावीर स्वामी मेरा............

मैंने समझ लिया है दुनिया का प्रेम झूठा
मोह माया ने तो मेरा सुख चैन सारा लूटा
लोभी मेरा ये जीवन परित्याग में बदल दो
महावीर स्वामी मेरा दामन खुशी से भर दो
महावीर स्वामी मेरा............

चांदनपुरी में तुमने जो खेल था रचाया
जहाँ झरती दूध गाय अतिशय वहां दिखाया
ग्वाले को दर्श दिया हमको भी धन्य कर दो
महावीर स्वामी मेरा दामन खुशी से भर दो
महावीर स्वामी मेरा............

हे वर्धमान स्वामी मुझे द्वार पे बुला लो
अतिशय जो है तुहारा एक बार तो दिखा दो
चौबीसो तीर्थ करके दर्शन हमें करा दो
महावीर स्वामी मेरा दामन खुशी से भर दो
महावीर स्वामी मेरा............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%ae%e0%a4%a8-poo/